an>

Title: Regarding four-laning of NH-33 in Jamshedpur in Jharkhand and to start Highway Ambulance Service.*

श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर): मैं सरकार का ध्यान राÂट्रीय राजमार्ग - 33 एवं राÂट्रीय राजमार्गज- 6 के बहरागाड़ा से जमसोला ओडिशा सीमा तक के जर्जर हालत एवं दुर्दशा की ओर आकृÂट करना चाहता हूं। राÂट्रीय राजमार्ग - 33 जिसे झारखंड की जीवनरेखा माना जाता है, एक लम्बे अरसे से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यह मार्ग जगह-जगह पर गड्ढों में तब्दील हो चुका है। कई लोगों की दुर्घटनाओं में मौत हो चुकी है। इस मार्ग पर एक आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वÂ◌ाऩ 50 से 60 लोगों की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है। रांची से बहरागोड़ा तक लगभग 200 किलोमीटर सड़क पर गड्ढे जगह-जगह पर दुर्घटनाओं को आमांतृण देते रहते हैं। बारिश की वजह से स्थिति इतनी भयावह हो जाती है कि जहां-तहां जाम लग जाता है और 12 से 14 घंटे तक जाम लगा रहता है। यह मार्ग झारखंड को पश्चिम बंगाल और ओडिशा से जोड़ता है तथा खूंटी, रांची और जमशेदपुर तीन संसदीय क्षेत्रों में विस्तारित है। यह नक्सल प्रभावित क्षेत्र से होकर गुजरता है। इस मार्ग पर बदहाली के कारण विकास योजनाएं भी बाधित हो रही हैं जिसके कारण अक्सर कानून व्यवस्था बिगड़ जाती है। इस राजमार्ग को दो से चार लेन में बदलने हेतु स्वीकृति मिली है जिसके तहत रांची से मोहली तक 112 किलोमीटर की लंबाई का कार्य एक कंपनी को दिया गया है। लेकिन ऐसा देखा जा रहा है कि एक तरफ जहां कार्य की प्रगति काफी धीमी है, वहीं दूसरी ओर किए जा रहे कार्यों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है। इसी तरह मोहली से बहरागोड़ा होते हुए खड़गपुर तक लगभग 80 किलोमीटर की लंबाई का कार्य जिस कंपनी को दिया गया है, वह कंपनी काम बंद करके चली गई है। इस कारण तीनों राज्यों के लोगों को यातायात हेतु काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

मैं माननीय मंत्री जी को धन्यवाद देता हूं कि मेरे आग्रह पर राÂट्रीय राजमार्ग - 33 पर हो रही दुर्घटनाओं से मौत का शिकार हो रहे लोगों के हित को ध्यान में रखकर हाइवे पर त्वरित चिकित्सा सुविधा सेवा हेतु रांची से मोहली तक एंबुलेंस सेवा का प्रारंभ किया है जिससे लोगों में हÂ◌ाऩ का माहौल है। मेरा निवेदन है कि अब उक्त सेवा को मोहली से बढ़ाकर बहरगोड़ा तक किया जाए।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केंद्र सरकार से अनुरोध है कि झारखंड में राÂट्रीय राजमार्ग - 33 को चार लेन मार्ग बनाने की प्रक्रिया के कार्य में तेजी लाई जाए तथा यथाशीघ्र जनहित में मोहली से बहरागोड़ा तक अविलम्ब जीर्णोद्धार किया जाए। मोहली से बहरागोड़ा होते हुए खड़गपुर तक राÂट्रीय राजमार्ग - 33 की लगभग 80. किलोमीटर की लंबाई के कार्य की निविदा जल्द से जल्द की जाए एवं राÂट्रीय राजमार्ग - 33 पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं से मौत का शिकार हो रहे लोगों के हित को ध्यान में रखकर हाइवे पर त्वरित चिकित्सा सुविधा हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था रांची से मोहली से बढ़ाकर बहरागोड़ा तक की जाए।